धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सप्त सिंधु परिसर देहरा में समाज कार्य विभाग की ओर से हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर परिसर में चल रहे सभी विभागों के संकाय सदस्यों, गैर शिक्षकों, समाज कार्य विभाग के शोद्यार्थियों और विद्यार्थियों ने हवन में आहुति डाली और विश्व शांति की प्रार्थना की | विभागाध्यक्ष डा. शशि पूनम के अनुसार विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी के मार्गदर्शन में विभाग ने यह आयोजन करवाया। इसमें उन्नत भारत अभियान के तहत शामिल गांव के लोगों ने भी भी आहुतियां डालीं | इस हवन को संपन्न करने में आचार्य श्री राजकुमार, राघव और अखिल जी का बहुत बड़ा योगदान रहा |